## एक नजर में

### भावांतर योजना में रेकॉर्डेड 4234 रुपए हुआ सोयाबीन का मॉडल रेट

**खंडवा ।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि भावांतर योजना के अंतर्गत सोयाबीन विक्रेता किसानों के लिए आज 16 नवंबर को रेकॉर्डेड 4234 रुपए प्रति क्विंटल का मॉडल रेट जारी हुआ है। यह मॉडल रेट उन किसानों के लिए है जिन्होंने अपनी सोयाबीन की उपज मंडी प्रांगणों में विक्रय की है। इस मॉडल रेट के आधार पर ही भावांतर की राशि की गणना की जाएगी। सोयाबीन के मॉडल रेट में लगातार वृद्धि जारी है। पहला मॉडल रेट 7 नवंबर को 4020 रुपए प्रति क्विंटल जारी किया गया था। इसी तरह 8 नवंबर को 4033 रुपए, 9 और 10 नवंबर को 4036 रुपए, 11 नवंबर को 4056 रुपए, 12 नवंबर को 4077 रुपए, 13 नवंबर को 4130 रुपए, 14 नवंबर को 4184 रुपए तथा 15 नवंबर को 4225 रुपए प्रति क्विंटल का मॉडल रेट जारी हुआ था।

### खंडवा से डुल्हार नवीन सड़क मार्ग का हुआ अनुबंध

**खंडवा।** देर है लेकिन अंधेर नहीं बहुचर्चित खंडवा डुल्हार मार्ग का टेंडर होकर ठेकेदार द्वारा अनुबंध कर दिया गया है। इस नवीन सड़क मार्ग को बनाने की समय सीमा 18 महीने निर्धारीत है। समाजसेवी व प्रवक्ता सुनील जैन ने बताया कि क्षेत्र के सांसद ज्ञानेश्वर पाटिल ज्ञानेश्वर पाटिल, विधायक कंचन मुकेश तंवे के अर्थक प्रयासों से इस सड़क निर्माण कार्य को सफलता प्राप्त हुई है। खंडवा डुल्हार पंधाना मार्ग के उन्नयन का कार्य अब शीघ्र ही शुरू होगा। कार्यपालन यंत्री लोक निर्माण विभाग नरेंद्र मंडलोई ने बताया कि इस मार्ग की कुल लम्बाई 17.60 कि.मी. है। इस कार्य की अनुबंधित राशि 37.28 करोड़ रुपए है। उन्होंने बताया कि निर्मित होने वाले इस टू लेन मार्ग के दोनों तरफ 1.50 मीटर पेवड शोल्डर्स एवं 1.00 मीटर हार्ड शोल्डर्स का निर्माण कार्य कराया जाएगा। प्रवक्ता सुनील जैन ने बताया कि काफी समय से यह सड़क मार्ग क्षतिग्रस्त हो चुका था और आवागमन में काफी दिक्कतों का लोगों को सामना करना पड़ता था। अब इस सड़क मार्ग का टेंडर हो जाने के पश्चात कार्यशीघ्र प्रारंभ होगा और क्षेत्र की जनता को राहत प्रदान होगी इस कार्य के लिए ठेकेदार मेसर्स दिलीप सिंह रघुवंशी और मेसर्स रघु डेवेलपर्स द्वारा शनिवार को अनुबंध किया गया है। कार्य पूर्ण करने के लिए समय सीमा 18 महीने निर्धारित की गई है। इस सड़क मार्ग के लिए सांसद ज्ञानेश्वर पाटिल, खंडवा विधायक कंचन मुकेश तंनवे, विधायक पंधाना विधायक छाया मोरे ने प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव एवं लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह को धन्यवाद देते हुए क्षेत्र की जनता की ओर से आभार व्यक्त किया है।

### आयुष्मान आरोग्य मंदिरों में मरीजों का हुआ उपचार



**खण्डवा ।** सभी आयुष्मान आरोग्य मंदिरों व शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों में जनजातीय गौरव दिवस के अवसर पर शनिवार को स्वास्थ्य शिविर लगाकर ग्रामीणों को स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराई गई। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. ओ.पी. जुगतावत ने बताया कि जिले के सभी आयुष्मान आरोग्य मंदिरों में मरीजों की जांच कर शिविर में उपचार किया गया। शिविर का मुख्य उद्देश्य जनजातीय समुदाय में स्वास्थ्य के प्रति जागरुकता लाना था।

### धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा की जयंती मनाई




**खंडवा।** मध्य प्रदेश जनअभियान परिषद द्वारा सीएमसीएलडीपी पाठ्यक्रम अंतर्गत विकासखंड खंडवा में समाजकार्य के विद्यार्थियों के साथ धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा जी की 150 जन्मजयंती उत्सव संगोष्ठी कार्यक्रम जिला समन्वयक जगदीश पटेल के निर्देशन एवं ब्लॉक समन्वय राजकुमार मालाकार के मार्गदर्शन में का आयोजन किया गया। भगवान बिरसा मुंडा एक आदिवासी नेता, जननायक एवं स्वतंत्रता सेनानी थे। अल्पायु में ही उन्होंने समाज में संग्रह किया। इस जन्म जयंती उत्सव कार्यक्रम में पाठ्यक्रम के विद्यार्थियों को भगवान बिरसा मुंडा जी के जीवन परिचय पर प्रकाश डाला व समाज द्वारा धरती आबा के जीवन पर आदिवासी धर्म संस्कृति आदि के विषय जानकारी प्रदान की गई उनके जीवन में घटित घटनाओं के बारे में जानकारी विस्तार से प्रदान की गई। कार्यक्रम में मैटर्स आशीष पटेल, राहुल राठवे, दिलावर सोनरिश, मयंक राठोर, नवांकुर संस्था से नारायण फरकले, महेंद्र ताड़ेंगे आदि ने अपने विचार रखे।

### आज पंधाना विधानसभा का एसआईआर को लेकर बीएलए 2 का होगा प्रशिक्षण शिविर

**खंडवा।** एसआईआर के तहत खंडवा जिले की पंधाना विधानसभा एवं खंडवा ग्रामीण के BLA 2 का विधानसभावार प्रशिक्षण कार्यक्रम तय किया गया है जिसके तहत आज सोमवार को दोपहर 2 बजे गांधी भवन खंडवा में जिला कांग्रेस अध्यक्ष उत्तमपाल सिंह, जिला ट्रेनिंग प्रभारी आर एन ठाकुर एवं हरचरण भाटिया उपस्थित रहेगें। जिला कांग्रेस के पूर्व प्रवक्ता प्रेमांशु जैन ने बताया कि सभी पंधाना विधानसभा के बीएलए 2 को प्रशिक्षण शिविर में एसआईआर को लेकर महत्वपूर्ण जानकारी दी जाएगी। जिला कांग्रेस अध्यक्ष उत्तमपाल सिंह ने पंधाना विधानसभा के समस्त ब्लॉक अध्यक्ष, समस्त बीएलए 2 साथियों से निवेदन किया है की गांधी भवन खंडवा में आयोजित इस प्रशिक्षण शिविर में अनिवार्य रूप से उपस्थित होकर अपनी जिज्ञासा का समाधान प्राप्त करें।

### सामाजिक जीवन में शिक्षा का बड़ा महत्व : डॉ. नीता जायसवाल



**खंडवा।** आज समाज हर क्षेत्र में आगे बढ़ रहा है। हम किसी से कम नहीं है। हमें संगठित होकर समाज को एक नई दिशा देने के लिए आगे आने की जरूरत है। शहर में समाज की जमीन हो गई है। सबके सहयोग से समाज की धर्मशाला भी बनवाएंगे। यह निष्कर्ष निकाला, सूर्यवंशी हैहय क्षत्रिय कलचुरी समाज की बैठक में। भगवान सहस्त्रबाहु जन्मोत्सव पर कार्यक्रम नक्षत्र गार्डन में आयोजित हुआ था। विशेष अतिथि अभा जायसवाल (सर्ववर्गीय) युवा महासभा के डॉ नीता जायसवाल ने कहा आज समाज को एकजुट होकर भगवान सहस्त्रबाहु का जन्मोत्सव मनाते हुए देखकर अच्छा लगता है। समिति के प्रयासों से समाज एकत्रिकरण और सशक्तिकरण में आगे बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि समाज के उद्धार के लिए महिलाओं का आगे आना होगा। विशेष कर नौजवानों को जो कभी कभार अपने उद्देश्य से भटक जाते हैं। उन्हें निश्चित तौर पर समाज के प्रति कर्तव्य मानते हुए जीवन में आगे भी बढ़ना चाहिए। डॉ नीता जायसवाल ने शिक्षा का महत्व बताते हुए कहा कि परिवार में अगर एक भी शिक्षित व्यक्ति होता है तो वह पूरे परिवार की दशा और दिशा बदलने की ताकत रखता है। सामाजिक जीवन में शिक्षा का बहुत महत्व है यदि शिक्षा रहेगी तो डॉक्टर, इंजीनियर, शिक्षक एवं अन्य क्षेत्र में भी समाज अग्रसर होता है। कार्यक्रम का अतिथियों द्वारा भगवान सहस्त्रबाहु के छाया चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्जवलन से हुआ। अतिथियों का स्वागत मोती की माला व स्मृति चिन्ह देकर किया गया। जिलाध्यक्ष दिनेश चौकसे (बंटी) ने स्वागत करते हुए सेवा समिति की कार्ययोजना एवं धर्मशाला निर्माण की जानकारी से अवगत कराया। मप्र जायसवासल सर्ववर्गीय महिला महासभा की प्रदेश उपाध्यक्ष कविता जायसवाल ने भी संबोधित किया। अधिवक्ता, पुलिस, सेना और फारेस्ट विभाग में कार्यरत सामाजिक बंधुओं का सम्मान किया गया।

# हनुमंतिया में आकर्षक 'जल-महोत्सव' 25 दिसंबर से

**इवेंट की आयोजकमेक माय ट्रिप कंपनी के लोग टेंट सिटी निर्माण स्थल पहुंचे, सफाई शुरू कराई, मुख्यमंत्री मोहन यादव 25 दिसंबर को कर सकते हैं जल महोत्सव का शुभारंभ**

**नवभारत न्यूज**

**खंडवा, बीड़।** वीरान पड़े हनुमंतिया बीच पर हलचल शुरू हो गई है। 25 दिसंबर से जल महोत्सव शुरू हो सकता है। महोत्सव के इवेंट टेंडर लेने वाले भी टूरिज्म डिपार्मेंट के इशारे पर मौकास्थल पहुंचे। खंडवा प्रशासन ने भी इसमें बड़ा अप्रोच किया कि महोत्सव की तैयारी में देर क्यों हो रही है?





इसके बाद भोपाल तक हलचल मच गई। ज्ञातव्य है कि "नव-भारत" ने इस मुद्दे पर को तेजी से उठाया था। चिंता भी जाहिर की थी कि इस समय तक टेंट सिटी बनकर तैयार हो जाती थी। पिछले साल जल महोत्सव हुआ ही नहीं था। ऐसे में, इस बार भी कोई आसार नजर नहीं आ रहे हैं।

### दिल्ली की कंपनी ने लिया है टेंडर

वर्तमान में माय ट्रिप कंपनी दिल्ली के द्वारा जल महोत्सव में लगने वाली टेंट सिटी आदि का टेंडर लिया गया है। वही कंपनी के सूत्रों से जानकारी के अनुसार 21 दिसंबर से जल महोत्सव की शुरुआत हनुमंतिया टापू पर संभवतः हो सकती है, जिसमें प्रदेश की मुखिया इस जल महोत्सव का शुभारंभ करेंगे।

### सैलानी निराश नहीं होंगे इस बार

प्राकृतिक रूप से बने हनुमंतिया बीच पर लोग बड़ी संख्या में पहुंचते हैं। इस साल इन सैलानियों को निराश नहीं होना पड़ेगा। 8 साल तक लगातार जल महोत्सव ने प्रोग्रेस की थी सैलानियों की संख्या में हर साल वृद्धि भी हुई है। मेक माय ट्रिप ने टेंट सिटी और आयोजन का कामकाज लिया है।

### अनुकूल है यहां का वॉटर स्पोर्ट्स



इंदिरासागर बांध के टापू को विकसित कर प्रदेश के तत्कालीन मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के द्वारा हनुमंतिया टापू को विश्व पर्यटन के नक्शे में शामिल किया था। जिसमें प्रदेश, देश और विश्व के अनेक पर्यटकों ने शामिल होकर के यहां की प्राकृतिक छठा और मां नर्मदा के बैकवॉटर में वॉटर स्पोर्ट्स का लुत्फ ले चुके हैं। 2 वर्ष पूर्व लगे जल महोत्सव में मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के द्वारा प्राइवेट इवेंट कंपनी से अनुबंध कर यहां पर हेलीकॉप्टर रायडिंग की भी व्यवस्था की गई थी।

### 25 दिसंबर से जल महोत्सव संभव

25 दिसंबर से इसकी शुरुआत भी हो सकती है। सोमवार से काम शुरू कर दिया जाएगा। हो सकता है कि 25 दिसंबर को मुख्यमंत्री मोहन यादव इस आयोजन का उद्घाटन करें। 25 दिसंबर से 10 जनवरी तक पर्यटकों का अनुकूल समय होता है। यह आयोजन फिलहाल तो दो महीने का हो सकता है, लेकिन कंपनी को यदि रास आ गया तो 12 महीने के लिए इसे चालू रखा जा सकता है। फिलहाल यह संभावना है।

# आहूजा दंपत्ति मुरलीधर व निर्मला के साथ बेटे संजय ने की देहदान की घोषणा

**सक्षम संस्था एवं लायन्स नेत्रदान-देहदान समिति, के सहयोग से भरा गया 160वाँ देहदान घोषणा पत्र**

**नवभारत न्यूज**

**खण्डवा। सक्षम संस्था व लायन्स क्लब खण्डवा की नेत्रदान, देहदान एवं अंगदान जनजागृति समिति द्वारा लगातार चलाए जा रहे जागरूकता कार्यक्रमों का सकारात्मक प्रभाव शहरभर में दिखाई दे रहा है। राधास्वामी सम्प्रदाय के गुरुजी की प्रेरणा से प्रभावित होकर पदमनगर निवासी मुरलीधर आहूजा, उनकी पत्नी निर्मला आहूजा एवं पुत्र संजय कुमार आहूजा ने मानव सेवा की मिसाल देते हुए मरणोपरांत देहदान का संकल्प लिया।**



सक्षम खण्डवा के अध्यक्ष एवं समिति संयोजक नारायण बाहेती ने जानकारी देते हुए बताया कि परिवार की सहमति से देहदान घोषणा पत्र पर आहूजा परिवार ने हस्ताक्षर कर समिति को सौंपा। लायन्स नेत्रदान-देहदान समिति के सदस्यों डॉ.सोमिल जैन, प्रहलाद तिरोले, अनिल बाहेती, सुरेंद्रसिंह सोलंकी, डॉ. राधेश्याम पटेल, रनवीरसिंह चावला, घनश्याम वाधवा, लायन्स अध्यक्ष आशा उपाध्याय, राजीव शर्मा, सुनील जैन, गांधीप्रसाद गदलें, राजीव मालवीय, लियो अपूर्व उपाध्याय, सुमीत परिहार, अर्पित बाहेती, चंचल गुप्ता, गोवर्धन गोलानी तथा लायन्स क्लब खण्डवा-लियो क्लब खण्डवा, सक्षम संस्था व महर्षि दधीचि समिति के सहयोग से घोषणा पत्र भरने की प्रक्रिया पूर्ण की गई। यह समिति द्वारा भरा गया 160 वाँ देहदान पंजीकरण है।

आहूजा परिवार ने कहा कि मरने के बाद शरीर को जलाकर समाप्त करने से बेहतर है कि हमारा शरीर किसी की भलाई में लगे। हमारे नेत्र किसी के जीवन में प्रकाश लाएँ और हमारी देह से मेडिकल विद्यार्थियों को प्रशिक्षण मिले, जिससे वे अच्छे डॉक्टर बनकर समाज सेवा कर सकें। समिति संयोजक श्री बाहेती ने बताया कि अब तक समिति के सहयोग से 19 देह मेडिकल कॉलेज खण्डवा को सुपुर्द की गईं तथा 519 दिवंगत व्यक्तियों के नेत्रदान कराए गए हैं।

मुख्यमंत्री मोहन यादव द्वारा देहदान-अंगदान के महत्व को देखते हुए यह घोषणा की गई है कि मरणोपरांत देहदान करने वाले व्यक्ति को गार्ड ऑफ ऑनर दिया जाएगा तथा उनके परिवार को 15 अगस्त व 26 जनवरी के जिला स्तरीय समारोहों में सम्मानित किया जाएगा। नेत्रदान, देहदान एवं अंगदान संबंधी जानकारी तथा घोषणा पत्र भरने हेतु इच्छुक नागरिक कभी भी समिति से संपर्क कर सकते हैं।

# कड़कड़ाती सर्दी में दोनों दलों को 'ममलेश्वर-लोक' की बड़ी चिंता!

**नवभारत न्यूज**

**खंडवा। कड़कड़ाती सर्दी में ममलेश्वर लोक निर्माण की राजनीति तेज गर्माहट पैदा कर रही है। भाजपाई जनप्रतिनिधि भी अलग तरह का बयान जारी कर रहे हैं, जो सरकार से मेल नहीं खाता। ओंकारेश्वर लोक की जगह नहीं होने के कारण यहां योजना ट्रांसफर कर दी गई। सरकार के निर्देश पर प्रशासन ने सर्वे शुरू कर दिया।**

लोग घबरा रहे हैं। ममलेश्वर लोक, मंदिर के आसपास ही बन सकता है। सर्वे भी इसी का हो रहा है। ऐसे में कांग्रेस मुद्दे को भुना रही है।

### रोजगार के लिए घबरा रहे हैं बाशिंदे

अधिकतर लोगों ने घरौंदों का इंतजाम तो कर लिया है, लेकिन उनकी रोजी-रोटी और दुकानदारी प्रभावित हो गई, तो कैसे चलेगा? ओंकारेश्वर में करीब ढाई से 3 हजार परिवारों का गुजर-बसर मंदिर और इसी से जुड़े उपक्रम का बिजनेस है।

### 5 हजार करोड़ से डेवलपमेंट होगा

यह भी सही है कि राज्य सरकार उज्जैन की तरह यहां भी बड़ा लोक बनाना चाहती है। ओंकारेश्वर डेवलपमेंट के लिए 5000 करोड़ रुपए से ज्यादा आने वाला है। सिंहस्थ 2028 भी नजदीक है। इसलिए प्रशासन और राजनीतिज्ञ का फोकस इसी के आसपास मंडरा रहा है।

### कांग्रेस के गंभीर आरोप भी पढ़ें

फिर भला कांग्रेस कैसे चुप बैठ सकती है? कांग्रेस जिलाध्यक्ष उत्तमपाल सिंह पुरनी ने भाजपा और सरकार पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि "ओंकारेश्वर की जनता को बहकाया गया, डराया गया और अब बिना विश्वास में लिए मकान तोड़े जा रहे हैं।

उन्होंने आरोप लगाया कि चुनाव के समय भाजपा के नेताओं ने स्थानीय लोगों से कहा था कि यदि उन्होंने भाजपा को वोट नहीं दिया तो उनके मकान तोड़ दिए जाएंगे। उनके अनुसार, लोगों ने डर के माहौल में 900 वोटों से नारायण पटेल को ओंकारेश्वर से जिताया, लेकिन अब जब ममलेश्वर लोक को लेकर सवाल उठाए जा रहे हैं, तो विधायक और सांसद दोनों ही "जानकारी नहीं होने" की बात कह रहे हैं। उत्तम पाल सिंह का रहे हैं कि सांसद और विधायक लोगों को भरोसा दिलाने के बजाय उल्टा प्रशासनिक कार्रवाई का समर्थन करते दिख रहे हैं।

### ममलेश्वर लोक के आदेश जारी हो चुके : उत्तम



उन्होंने कहा कि ममलेश्वर लोक बनाने के नाम पर आदेश जारी कर दिए गए हैं। शनिवार को खंडवा बुलाए गए 15 पार्षदों को पूरे दिन कलेक्टर कार्यालय में बैठाए रखा, और शाम को यह कहा गया कि "जगह देख लो"। पुरनी के अनुसार, यह जनता की निर्वाचित जनप्रतिनिधि का अपमान है।

# एसआईआर के दौरान मन में उठने वाले सवालों के आसान जवाब

**नवभारत न्यूज**

**खंडवा। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देश पर प्रदेश में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण का कार्य लगातार जारी है। चार नवंबर से बीएलओ मतदाताओं के घर- घर जाकर गणना पत्रक का वितरण कर रहे हैं। एसआईआर को लेकर मतदाताओं के मन में कई सवालों को लेकर असमंजस की स्थिति भी है। जानिए मतदाताओं के मन में उठने वाले सवालों का आसान जवाब।**

### सवाल और उनके जवाब

प्रश्न - क्या गणना अवधि में गणना पत्रक के साथ कोई दस्तावेज निर्वाचक से लेना है ?

उत्तर - गणना अवधि में बीएलओ द्वारा कोई दस्तावेज निर्वाचन से प्राप्त नहीं किया जाएगा।

प्रश्न - यदि कोई निर्वाचक अपना फार्म किन्हीं कारणों से प्रस्तुत नहीं कर पाता है तो उसको निर्वाचक नामावली में नाम जोड़ने के लिए क्या विकल्प हैं?

उत्तर- ऐसे व्यक्ति प्रारूप 6 में घोषणा पत्र के साथ अपना आवेदन नाम जोड़ने के लिए प्रस्तुत कर सकते हैं।

प्रश्न - जिन निर्वाचकों का गणना फार्म प्राप्त नहीं होगा उनका नाम प्रारूप निर्वाचक नामावली में सम्मिलित होगा या नहीं तथा इसकी जानकारी पोर्टल पर उपलब्ध होगी या नहीं?

उत्तर जिन निर्वाचकों का गणना पत्रक प्राप्त नहीं होगा उन्हें एब्सेंट/ शिफ्टेड / डेड/ रिपीटेड के रूप में बीएलओ द्वारा पड़ोसी से जांच कर चिंहांकित कर सूचीबद्ध किया जाएगा तथा मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी मध्यप्रदेश की वेबसाइट पर प्रारूप निर्वाचक नामावली प्रकाशन के समय ही प्रदर्शित किया जाएगा।

बीएलओ यह सूची अनिवार्यतः बनाएंगे तथा बीएलओ एप पर भी इसकी प्रविष्टि करेंगे।

प्रश्न - क्या घर-घर जाकर गणना के समय कोई भी नए इलेक्टर के रूप में अपना नाम जोड़ने के लिए आवेदन कर सकता है?

उत्तर - हां, कर सकता है उसे प्रारूप 6 के साथ घोषणा फॉर्म भरना होगा।

प्रश्न - बीएलओ गणना प्रपत्र में कितनी प्रति में प्राप्त करेगा?

उत्तर- बीएलओ गणना प्रपत्र दो प्रतियों में निर्वाचक को प्रदान करेगा जिसकी एक प्रति प्राप्त करते हुए दूसरी प्रति पर निर्वाचक को पावती देगा अर्थात एक प्रति बीएलओ के पास तथा एक प्रति निर्वाचक के पास रहेगी।

प्रश्न - बीएलओ पूर्व एसआईआर की निर्वाचक नामावली से लिंकिंग के अतिरिक्त भी अन्य दस्तावेजों की घर-घर जांच विजिट के दौरान करेंगे?

उत्तर -नहीं केवल पूर्व एस आई आर के निर्वाचक नामावली से जांच कर सत्यापन करना है।

प्रश्न - किसी निर्वाचक की मृत्यु हो गयी है तो क्या उसका मृत्यु प्रमाण पत्र परिवार से ले सकते हैं?

उत्तर -हां।

प्रश्न - किसी निर्वाचक का नाम पूर्व की एसआईआर की मतदाता सूची में है अथवा नहीं है तो उसका प्रपत्र में लिंकिंग किस प्रकार अंकित की जाएगी?

उत्तर- पिछले एसआईआर की मतदाता सूची में मतदाता का विवरण उपलब्ध होने पर तीसरी सारणी के बाएं भाग एसआईआर की मतदाता सूची में मतदाता का विवरण में चाहा गया विवरण अंकित किया जाएगा इसमें प्रविष्टि वही होगी जो पूर्व एस आई आर की नामावली में अंकित है। यदि इसके साथ ही निर्वाचक का नाम पिछले एसआईआर की मतदाता सूची में अंकित नहीं है तथा उसके पिता /माता /दादा/ दादी जो पूर्व एस आई आर की निर्वाचक नामावली में उपलब्ध हो का विवरण पूर्व की एस आई आर की निर्वाचक की नामावली में अंकित किया जाएगा।

प्रश्न - किसी निर्वाचक द्वारा अपूर्ण फॉर्म भरा जाता है या लिंकिंग की जानकारी सत्यापित नहीं होती है तो उसका हस्ताक्षर/ अंगूठे के निशान वाला फार्म प्राप्त किया जाना है या अथवा नहीं ?

उत्तर -किसी भी निर्वाचन का हस्ताक्षर/ अंगूठे के निशान वाला फॉर्म अनिवार्यतः प्राप्त किया जाना है। संवीक्षा की कार्यवाही प्रारूप प्रकाशन के उपरांत की जाएगी।

प्रश्न - किसी निर्वाचक द्वारा अपूर्ण फॉर्म भरा जाता है या लिंकिंग की जानकारी सत्यापित नहीं होती है तथा फार्म प्राप्त होने पर क्या प्रविष्टि प्रारूप निर्वाचक नामावली में शामिल होगी?

उत्तर - हां प्रारूप निर्वाचक नामावली में शामिल होगी।

**नगर निगम** — **बैठक के दौरान जिला कलेक्टर वर्चुअली जुड़े और एसआईआर सर्वे की प्रगति पर चर्चा की**

# सीएम हेल्पलाइन एवं एसआईआर सर्वे की समीक्षा बैठक नगर निगम सभागृह में



**खंडवा।** नगर निगम खंडवा सभागृह में आयुक्त प्रियंका राजावत तथा उपायुक्त एस.आर. सिटोले के नेतृत्व में सीएम हेल्पलाइन एवं एसआईआर सर्वे की विस्तृत समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक का उद्देश्य नागरिक सेवाओं को अधिक प्रभावी बनाना तथा सर्वे कार्यों में गति लाना रहा। समीक्षा सत्र में शिकायतों की गुणवत्ता, समयबद्ध निस्तारण तथा विभिन्न विभागों द्वारा की जा रही कार्यवाही पर विस्तृत चर्चा की गई।

### सीएम हेल्पलाइन शिकायतों में त्वरित निस्तारण के निर्देश

बैठक में यह स्पष्ट निर्देश दिए गए कि सीएम हेल्पलाइन की सभी शिकायतों को संतुष्टि के साथ शीघ्र बंद किया जाए। विशेष रूप से सड़क संबंधी शिकायतों को प्राथमिकता पर निपटाने के लिए कहा गया। आयुक्त ने स्पष्ट किया कि विभागवार शिकायतों पर प्रभावी कार्रवाई करते हुए 95 प्रतिशत से अधिक ग्रेडिंग सुनिश्चित करना अत्यंत आवश्यक है। इसी क्रम में वाटर सप्लाई, राजस्व, बाज़ार शाखा, अतिक्रमण, गार्डन, एनयूएलएम सहित अन्य शाखाओं की लंबित एवं पूर्ण शिकायतों की समीक्षा भी की गई।

### एसआईआर सर्वे की प्रगति की समीक्षा

बैठक के दौरान जिला कलेक्टर वर्चुअली जुड़े और एसआईआर सर्वे की प्रगति पर चर्चा की। जिस के बाद आयुक्त ने निर्देशित किया कि प्रतिदिन कुल 10 प्रतिशत गणना प्रपत्र फ़ॉर्म का डिजिटलाइजेशन अनिवार्य रूप से किया जाए। निगम के सभी ज़ोन कार्यालयों तथा मुख्यालय में हेल्प डेस्क स्थापित की जा चुकी है, जहाँ मतदाताओं को किसी भी प्रकार की समस्या के समाधान हेतु सहायता प्राप्त हो सकेगी।

### दैनिक डिजिटलाइजेशन लक्ष्य एवं पर्यवेक्षण व्यवस्था

शहर के 50 वार्डों में 153 केन्द्र स्थापित हैं। इस आधार पर प्रत्येक बीएलओ द्वारा प्रतिदिन कम से कम 200 फ़ॉर्म का डिजिटलाइजेशन सुनिश्चित किया जाना आवश्यक है। कार्य की गति बढ़ाने और नियमित पर्यवेक्षण सुनिश्चित करने हेतु निगम कर्मियों की भी ड्यूटी बीएलओ के साथ लगाई जाएगी। इससे सर्वे कार्य की गुणवत्ता में सुधार आएगा और निगरानी प्रभावी ढंग से हो सकेगी।